देखने वालों की काप गई रूह

# मोबाइल की रोशनी में चला रेस्क्यू

## ड्राइवर का शव निकालना बना चुनौती



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 21 फरवरी।** भिण्ड हाईवे पर आज हुए हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इको वैन का अगला हिस्सा बस से टकराकर पूरी तरह चिपक गया था। सबसे ज्यादा मशक्कत इसके ड्राइवर भरत शर्मा का शव निकालने में करनी पड़ी, यह बुरी तरह वैन में फंसा हुआ था। रात के अंधेरे में जब लोग अपने घरों में गहरी नींद में थे तब पुलिस के जवान मोबाइल की रोशनी में राहत व बचाव कार्य में जुटे हुए थे। यह दृश्य वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम कर गया। यात्रियों ने पुलिस को बताया कि वैन के ड्राइवर को नींद आ रही थी। नींद भगाने के लिए उसने मालनपुर पर मुंह भी धोया था लेकिन कुछ दूरी चलने के बाद वाहन अनियंत्रित होकर दूसरी लेन में चला गया और सामने से आ रही बस से टकरा गया। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### संत समाज में आक्रोश, इंदिरा गांधी चौराहे पर की प्रेसवार्ता

इस हृदय विदारक हादसे को लेकर संत समाज ने भिंड के इंदिरा गांधी चौराहे पर प्रेसवार्ता कर गहरा दु:ख और आक्रोश व्यक्त किया। संत समाज के जिला अध्यक्ष महंत कालिदास महाराज ने कहा कि एनएच719 लगातार जानलेवा साबित हो रहा है लेकिन प्रशासन और जनप्रतिनिधि आंख मूंदे बैठे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही आंदोलन के माध्यम से सभी जनप्रतिनिधियों को बुलाकर इस नेशनल हाईवे को लेकर जवाब मांगा जाएगा। महाराज ने पिछले रोज हुए हादसे एक युवकी मौत के बाद इटावा रोड पर हुए चक्का जाम का जिक्र करते हुए कहा कि जनसमस्याओं को लेकर आंदोलन करने वालों पर प्रकरण दर्ज करना अनुचित है। इन पर दर्ज किए गए मामले वापस लिए जाने चाहिए। संत समाज ने सरकार से मांग की कि एनएच 719 पर तत्काल डिवाइडर का निर्माण किया जाए। सभी ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर पुख्ता सुरक्षा इंतजाम हों। इसके अलावा प्रत्येक मृतक के परिवार को 5-5 लाख रुपये का मुआवजा, और एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। प्रेसवार्ता के अंत में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति और शोकाकुल परिवारों को संबल देने की प्रार्थना की गई।



# अवैध कारतूसों की तस्करी पर बड़ी कार्रवाई

## दो आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 21 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन राजपूत के मार्गदर्शन में सिटी कोतवाली पुलिस ने अवैध हथियार व कारतूस रखने और बेचने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने अवैध राउण्ड रखने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में कारतूस और एक कार जप्त की है। थाना सिटी कोतवाली पुलिस को 21 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि चंबल कॉलोनी क्षेत्र में दो व्यक्ति सफेद रंग की अर्टिगा कार में अवैध कारतूस बेचने की फिराक में खड़े हैं। सूचना की तस्दीक के बाद वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची। चंबल कॉलोनी में एक टूटे हुए तिवरिया के पास बरगद के पेड़ की आड़ में खड़ी संदिग्ध अर्टिगा कार को घेराबंदी कर पकड़ा गया। कार में बैठे वैभव भदौरिया और अंशुमन भदौरिया निवासीगण मसूरी की जब तलाशी ली गई तों उनके कब्जे से अलग-अलग प्लास्टिक डिब्बों में 315 बोर के कुल 40 जिंदा राउण्ड बरामद किए गए। इसके बाद वाहन की तलाशी में डैशबोर्ड और सीटों के पीछे रखे पैकेटों से 315 बोर के 20 तथा 12 बोर के कुल 30 जिंदा राउण्ड और मिले। इस प्रकार पुलिस ने कुल .315 बोर के 60 और 12 बोर के 30 जिंदा राउण्ड जप्त किए।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के संयुक्त कब्जे से अर्टिगा कार को भी जप्त कर लिया। जप्त किए गए माल की अनुमानित कीमत करीब 5 लाख 16 हजार 500 रुपये बताई गई है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इनकी रही सराहनीय भूमिका: इस कार्रवाई में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेन्द्र सिंह सेंगर सहित उप निरीक्षक देवीदीन अनुरागी, उप निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

### भोपाल से पुणे-गाजीपुर सिटी होली स्पेशल ट्रेन

**भोपाल, 21 फरवरी.** आगामी होली के अवसर पर यात्रियों की सुविधा हेतु मध्य रेल द्वारा पुणे-गाजीपुर सिटी-पुणे स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी. गाड़ी संख्या 01431 पुणे से गाजीपुर सिटी के लिए 24 एवं 27 फरवरी और 03 एवं 06 मार्च 2026 को सुबह 06:40 बजे पुणे स्टेशन से प्रस्थान करेगी.यह इटारसी 21:00 बजे, पिपरिया 22:10 बजे, नरसिंहपुर 23:05 बजे, मदनमहल 00:40 बजे, कटनी 02:45 बजे, मैहर 04:10 बजे और सतना 06:00 बजे होते हुए रात 19:05 बजे गाजीपुर सिटी पहुंचेगी. गाड़ी संख्या 01432 गाजीपुर सिटी से पुणे के लिए 26 फरवरी, 01, 05 एवं 08 मार्च 2026 को सुबह 04:20 बजे प्रस्थान करेगी. मार्ग में सतना 17:25 बजे, मैहर 17:58 बजे, कटनी 18:50 बजे, मदनमहल 20:25 बजे, नरसिंहपुर 21:43 बजे, पिपरिया 00:18 बजे, इटारसी 01:50 बजे होते हुए शाम 16:20 बजे पुणे पहुंचेगी.

### अमेरिका ट्रेड डील को बताया किसान विरोधी

**भोपाल, 21 फरवरी।** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित संयुक्त प्रेसवार्ता में कांग्रेस नेताओं ने प्रस्तावित भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ गंभीर आपत्ति जताई और 24 फरवरी से भोपाल से किसान आंदोलन की शुरुआत करने की घोषणा की. प्रेसवार्ता में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने ट्रेड डील को देश और किसानों के हितों के खिलाफ करार दिया. हरीश चौधरी ने कहा कि अमेरिका द्वारा अतीत में भारत पर खाद्यान्न आपूर्ति रोकने से देश की स्थिति खराब हुई थी.



## एच आर फॉर्म क्रिकेट टूर्नामेंट : गोदरेज ने सुप्रीम को हराया

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 21 फरवरी।** उद्योग क्षेत्र मालनपुर में खेले जा रहे एच फॉर्म क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन शनिवार को खेले गए सूर्या रोशनी के ग्राउंड में पहला मैच में गोदरेज व सुप्रीम इंडस्ट्रीज के मध्य खेला गया जिसमें पहले बैटिंग करते हुए गोदरेज ने निर्धारित 20 ओवरों में 139 रनों का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में सुप्रीम इंडस्टरीज 58 रनो पर ऑल आउट हो गई दूसरा मैच जी वी गंगाराम और टेवा के बीच खेला गया इसमें टेवा ने जीत हासिल की सी जी पावर ग्राउंड में खेले गए पहले मैच में एच आर 11 को एस आर एफ ने हराया दूसरा मैच यह लाल अडानी और जेके टायर की खेला गया जिसमें पी एल आर अठानी ने जीत हासिल की दोनों टीमों का कड़ा मुकाबला देखने को मिला अठानी 1 ने एक विकेट से जीत हासिल कि

### हादसे में घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाया

**रतलाम.** डायल-112 सेवा ने एक बार फिर मानवीय संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय दिया. जिले के जावरा औद्योगिक क्षेत्र में 20 फरवरी को हसन पालिया रोड पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक और एक बालक घायल हो गए. घटना की सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112, भोपाल को मिली, जिसके बाद तुरंत एफआरवी वाहन को रवाना किया गया. डायल-112 स्टाफ आरक्षक चंद्रपाल सिंह और पायलट मंगलेश्वर सूर्यवंशी मौके पर पहुंचे और बिना समय गंवाए दोनों घायलों को शासकीय चिकित्सालय जावरा पहुँचाया.

# दलित परिवार के नाबालिग बच्चों पर जानलेवा हमला

## माकपा ने एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 21 फरवरी।** मौ थाना क्षेत्र के ग्राम गुहीसर में दलित परिवार के नाबालिग बच्चों पर किए गए कथित जानलेवा हमले को लेकर शनिवार को माकपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गोहद पहुंचकर एसडीओपी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दबंगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए मौ पुलिस पर निष्क्रियता का आरोप लगाया गया तथा तत्काल एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की गई।



माकपा नेताओं ने बताया कि ग्राम गुहीसर निवासी बलराम माहौर के परिवार पर लंबे समय से दबंगों द्वारा अत्याचार किया जा रहा है। आरोप है कि बीते 10 फरवरी को दबंगों ने बलराम के नाबालिग पुत्र अजय और 11 वर्षीय पुत्री पूनम के साथ मारपीट की। इतना ही नहीं उनके घर पर पथराव किया गया और नाबालिग बच्ची पूनम को उठा लेने की धमकी भी दी गई जिससे पूरे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

नेताओं के अनुसारए इससे पहले 27 दिसंबर 2025 को भी दबंगों ने बलराम के साथ इसलिए मारपीट की थी ताकि वह भयभीत होकर अपनी खेती छोड़ दे। दबंगों की मंशा बलराम की जमीन पर कब्जा करने की बताई गई है। आरोप है कि दबंगों ने बलराम के खेत में आवारा जानवरों का झुंड छोड़ दिया। जब बलराम ने जानवरों को भगाया तो दबंगों ने न सिर्फ गालियां दीं बल्कि उसके साथ बेरहमी से मारपीट कीए जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। बचाने आई उसकी 11 वर्षीय बेटी पूनम को भी नहीं बख्शा गया और मारपीट में उसके नाक से खून बहने लगा। माकपा नेताओं का आरोप है कि बलराम फरियाद लेकर मौ थाना पहुंचाए लेकिन पुलिस ने न तो मेडिकल कराया और न ही कोई कार्रवाई की बल्कि उसे डांट फटकार कर भगा दिया गया। इसके बाद दबंगों के हौसले और बढ़ गए और 10 फरवरी को दोबारा घर पर पथराव कर नाबालिग बच्चों के साथ मारपीट की गई। साथ ही धमकी दी गई कि यदि पुलिस में शिकायत की तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। हैरानी की बात यह है कि अब तक न तो एफआईआर दर्ज हुई है और न ही किसी आरोपी की गिरफ्तारी की गई है।

इस दलित उत्पीड़न की घटना को लेकर माकपा ने 21 फरवरी को गोहद एसडीओपी को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो कानून व्यवस्था की मांग को लेकर मौ थाना पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। नेताओं ने बताया कि पार्टी ने 1 मार्च को मौ थाना पर धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया है। ज्ञापन सौंपते समय माकपा जिला सचिव ओपी बाथम, वरिष्ठ नेता पीएन माहौर, जिला समिति सदस्य राजेंद्र सिंह कुशवाह, शोभा माहौर, गुड्डी बाई माहौर, माकपा नेता रसीद खां, रणवीर माहौर, रामदास माहौर, जगदीश माहौर, प्रीतम माहौर, बैताल माहौर, त्रिवेणी प्रजापति, फरमान खां, भूपेंद्र सिंह गुर्जर सहित ग्राम गुहीसर के पीड़ित बलराम माहौर, उनके नाबालिग पुत्र अजय व पुत्री पूनम तथा दो दर्जन से अधिक माकपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# धर्मेंद्र का पीजी में चयन : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 21 फरवरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉ. धर्मेंद्र गुर्जर के गजरा राजा मेडिकल कॉलेज ग्वालियर में पीजी (इमरजेंसी मेडिसिन) में चयन होने पर स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में चिकित्सकों नर्सिंग स्टाफ एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने डॉ. गुर्जर को पुष्पमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि डॉ. धर्मेंद्र गुर्जर ने अपने कार्यकाल के दौरान मरीजों को न केवल संवेदनशील और तत्पर सेवाएं प्रदान कीं बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में भी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य किया। उनके व्यवहार, कार्यकुशलता और टीमवर्क की सभी ने सराहना की।

सहकर्मियों ने कहा कि इमरजेंसी मेडिसिन जैसे चुनौतीपूर्ण और महत्वपूर्ण विषय में पीजी के लिए चयन होना न केवल डॉ. गुर्जर की मेहनत और लगन का परिणाम है बल्कि गोहद स्वास्थ्य केंद्र के लिए भी गर्व का विषय है।

इससे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं की छवि और सुदृढ़ होगी। समारोह के अंत में डॉ. धर्मेंद्र गुर्जर



ने सभी अधिकारियों, चिकित्सकों एवं स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गोहद में कार्य करने का अनुभव उनके लिए सदैव प्रेरणादायक और अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि यहां के सहयोग, सीख और मरीजों के स्नेह ने उनके चिकित्सकीय जीवन को नई दिशा दी है। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जहां सभी ने डॉ. गुर्जर के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### प्रदेश में चार दिन तक आंधी-बारिश के आसार

नवभारत न्यूज
भोपाल, 21 फरवरी. मध्य प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है. प्रदेश के कई हिस्सों में अगले चार दिन तक तेज हवा और बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है. बीते 24 घंटों में कई जिलों में वर्षा दर्ज की गई, जबकि कुछ स्थानों पर आंधी और ओले भी गिरे. राजधानी भोपाल में दिनभर बादल छाए रहे और रात में हल्की बूंदाबांदी हुई. मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा और मऊगंज में बारिश के आसार हैं. वहीं इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर सहित अन्य शहरों में बादल छाए रहने की संभावना है.23 और 24 फरवरी को एक नया मौसमी तंत्र सक्रिय होने से दक्षिण-पूर्वी जिलों में असर ज्यादा दिख सकता है. 23 फरवरी को नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में बारिश की संभावना जताई गई है. 24 फरवरी को सीधी, सिंगरौली, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट में भी बादल बरस सकते हैं.



# हत्या के मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

**आरोपी पर दर्ज हैं 14 अपराध,30 हजार रुपये का ईनाम किया था घोषित**

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 21 फरवरी।** पुलिस ने हत्या के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस पर पिछले माह मौ क्षेत्र के ग्राम सौरा के एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या करने का आरोप है। जघन्य मामले के इस आरोपी को पुलिस ने टीम गठित कर गिरफ्त में लिया है।

जानकारी मुताबिक घटना 13 जनवरी 2026 की है। मौ क्षेत्र के ग्राम सौरा में हुई 45 वर्षीय राजकुमार उर्फ छुन्ना गुर्जर पुत्र मजबूत सिह गुर्जर की कट्टे से गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में रूपा धोबी पुत्र कालीचरण धोबी मुख्य आरोपी है। चंबल आईजी द्वारा इसकी गिरफ्तारी के लिए 30 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी मालनपुर क्षेत्र में किसी गंभीर घटना कारित करने की नियत से घूम रहा है। पुलिस अधीक्षक डा. असित यादव द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे। जब पुलिस को इसके मालनपुर में होने की सूचना मिली तब अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन व गोहद अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महेन्द्र सिंह गौतम के मार्ग दर्शन में टीम गठित की गई। मुखबिर तंत्र और तकनीकी सहायता से हत्या के मुख्य आरोपी को मालनपुर क्षेत्र में मार्बल फैक्ट्री के सामने से गिरफ्तार किया गया। अरोपी से घटना में प्रयुक्त एक 315 बोर का कट्टा एवं 6 जिंदा राउण्ड जप्त किये गये। आरोपी ने पूछताछ पर बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर योजनाबद्ध तरीके से राजकुमार उर्फ छुन्ना गुर्जर की हत्या कर दी थी।

## पेज एक का शेष

# एसआईआर : मप्र में 34 लाख नाम हटे

राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के सभी जिलों में अंतिम मतदाता सूची की प्रतियां मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को भी उपलब्ध करा दी गई है.

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने शनिवार को पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी होने संबंधी जानकारी साझा भी की.

एसआईआर: मप्र में 34 लाख नाम हटे की. प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया 27 अक्टूबर 2025 से शुरू हुई थी. ये प्रक्रिया अलग- अलग चरणों में की गई. मतदाता सूची में नाम शामिल करने , विलोपित करने और संशोधित करने संबंधी दावे और आपत्ति लेने के लिए 23 दिसंबर 2027 से 22 जनवरी तक का समय तय किया गया था. चुनाव अधिकारियों ने 14 फरवरी तक दावे आपत्तियों का सत्यापन कर उनका निराकरण किया. प्रदेश के 5 करोड़ 74 लाख 6 हजार 143 मतदाताओं से से 5 करोड़ 31 लाख 31 हजार 989 मतदाताओं ने एसआईआर फार्म भरकर बीएलओ को दिए. इस दौरान बीएलओ ने घर-घर जाकर सर्वे किया, जिसके चलते दिवंगत, स्थायी रूप से स्थानांतरित और दो स्थानों पर दर्ज मतदाताओं की पहचान की गई.

दावे आपत्ति के बाद 8 लाख 49 हजार 82 मतदाता और बढ़े: प्रदेश में प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन से पहले मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 74 लाख 6 हजार 143 थी, वहीं प्रारूप सूची के प्रकाशन के बाद ये सूची घटकर 5 करोड़ 31 लाख 31 हजार 983 तक सीमित होकर रह गई. इस तरह इसमें 42 लाख 74 हजार 160 वोटरों के नाम शामिल नहीं हुए. ऐसे में वोटरों को नाम शामिल करने के लिए दावे- आपत्ति के माध्यम से फिर मौका दिया गया.जिसका नतीजा ये रहा कि अंतिम मतदाता सूची में 8 लाख 49 हजार 82 मतदाताओं के नाम और जोड़े गए, जिसके चलते प्रदेश में अब मतदाताओं की संख्या बढ़कर 5 करोड़ 39 लाख 81 हजार 65 तक पहुंच गई.

दावे- आपत्ति के बाद इंदौर में सबसे ज्यादा और अलीराजपुर में सबसे कम नाम जुड़े: दावे- आपत्ति के बाद इंदौर जिले में सबसे अधिक 66825 वोटरों के नाम जोड़े गए, वहीं सबसे कम अलीराजपुर जिले में 3118 वोटरों के नाम जोड़े गए. वहीं दावे-आपत्ति के बाद भी भोपाल में सबसे अधिक 23616 लोगों के नाम हटाए गए.

अब एसआईआर के काम में लगे अमले का भी तबादला हो सकेगा: अब तक एसआईआर की प्रक्रिया में लगे कलेक्टर सहित अधिकारियों-कर्मचारियों के तबादले पर चुनाव आयोग ने रोक लगा रखी थी, लेकिन प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब चुनाव आयोग की बंदिश हट गई है. अब प्रदेश में कलेक्टर, एसडीएम सहित इस काम में लगे शासकीय सेवकों के भी तबादले हो सकेंगे. प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया में 55 जिला निर्वाचन अधिकारियों, 230 निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों, 533 सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों, 71,930 बीएलओ सहित हजारों वालंटियर्स ने भी बड़ी जिम्मेदारी निभाई.

# खाद्य सुरक्षा विभाग में सालों से जमे अधिकारी, त्योहार पर दिखावे की कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 21 फरवरी।** जिले में सालों से जमे खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की मनमानी चरम पर पहुंच गई है। इस कारण मिलावटखोरी का कारोबार जमकर फलफूल रहा है। सैंपलिंग की कार्रवाई अधिकांशत: त्योहार के पहले ही की जाती है। इनके सैंपल की रिपोर्ट को भी सार्वजनिक किए जाने में खाद्य सुरक्षा अधिकारी आनाकानी करते हैं। होली के त्योहार से पहले पूर्व की तरह खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अचंभित करने वाली बात यह है कि कितने सैंपल लिए गए और इनमें कितने की रिपोर्ट आई, कितने फेल और कितने पास हुए इसकी जानकारी मांगे जाने पर भी संबंधित अधिकारियों द्वारा उपलब्ध नहीं कराई जाती है। जबकि नियमानुसार हर वर्ष कितने मिलावटखोरों के खिलाफ शासन द्वारा क्या कार्रवाई की गई यह सार्वजनिक होना चाहिए।

बता दें जिले में विभिन्न जगहों पर मावा बनाए जाने का कारोबार चल रहा है। इसमें लहार, गोहद, अटेर, रौन, फूफ आदि क्षेत्र में यह कारोबार चल रहा है। इसी प्रकार अन्य खाद्य पदार्थों में भी मिलावटखोरी चल रही है। लेकिन विगत वर्षों में किसी कारोबारी के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई नहीं हुई है जिससे मिलावटखोरों में खौफ कायम हो सके और आम उपभोक्ताओं को बेहतर किस्म की खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा आमजन की शिकायत और समस्या समाधान के लिए कोई फोन नंबर भी जारी नहीं किया गया है। इस कारण आमजन मिलावटी सामग्री खरीदकर उपभोग करने को मजबूर हो रहे हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी रीना बसंल से कितने सैंपल लिए गए और कितने फेल और पास हुए इसकी जानकारी मांगी गई लेकिन उनके द्वारा कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई।

### विभिन्न जगहों पर लिए गए सैंपल

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों में रीना बंसल एवं रेखा सोनी द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में निरीक्षण कर दूध, मावा, घी व पनीर के सैंपल लिए गए। बताया गया इस कार्रवाई के दौरान ग्राम श्यामपुरा, गोहद में रामलाल सिंह परिहार से दूध, ग्राम हीरापुरा मेहगांव में इंद्रभान सिंह गुर्जर से दूध, ग्राम भगवासा, तहसील गोहद में श्याम शर्मा से दूध, ग्राम सिलोली, मेहगांव में शेर सिंह से दूध, ग्राम पर्रावन, मेहगांव में देवेन्द्र सिंह भदौरिया से घी व पनीर, ग्राम अरेले का पुरा गोरमी में राजवीर सिंह से मावा व घी, ग्राम प्रतापपुरा, गोरमी में गंगा सिंह और अशोक सिंह नरवरिया से मावा के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि रिपोर्ट आने के बाद मानक विपरीत पाए जाने पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाती है।